# वसन्त विहार संदेश

जुलाई 2025 – सितम्बर 2025

Ref.No:- 3203 /DVOCHSL/NEWS LETTER/33 Date: 18 .10.2025

आदरणीय सदस्यों,

सादर अभिवादन! **धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें!**

समिति क्षेत्र में दिनांक 01.07.2025 से दिनांक 30.09.2025 की अवधि में हुई गतिविधियों की जानकारी निम्नानुसार है :–

1. **लीज हस्तांतरण की अनुमति** :–

(क) **विक्रय द्वारा लीज हस्तान्तरण**

दिनांक 01.07.2025 से 30.09.2025 तक की अवधि में निम्न प्रकरणों में लीज हस्तांतरण के लिए अनुमति दी गई :–

(i) श्री अरविन्द तिवारी द्वारा प्लॉट क्रमांक 103, फेज–1 के पट्टे (Lease) का हस्तान्तरण श्रीमती आशारानी सिंघल प्रोफेसर Ex HOD & Ex Vice Chancellor (से0नि0) CCS University Meerut, के पक्ष में करने तथा उन्हें सदस्य बनाने की अनुमति दी गई।

(ii) श्री अनन्त शंकर द्वारा प्लॉट क्रमांक 33, फेज–2 के पट्टे (Lease) का हस्तान्तरण श्री विवेक कुमार सिंह Executive Engineer PWD लैंसडाउन के पक्ष में करने तथा उन्हें सदस्य बनाने की अनुमति दी गई।

(ख) **सदस्य के निधन के फलस्वरूप**

निम्न प्रकरणों में सदस्य के दुःखद निधन के फलस्वरूप विधिवत पट्टे (Lease) का हस्तांतरण किया गया :–

(i) सदस्य स्व0 श्री एन0डी0 घिल्डियाल के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 118 फेज–2 के पट्टे (Lease) का हस्तांतरण उनके द्वारा नामांकित पुत्र श्री अमित घिल्डियाल को सदस्य बनाकर किया गया।

(ii) सदस्य स्व0 श्री भारत भूषण गर्ग के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 147 फेज–2 के पट्टे (Lease) का हस्तांतरण उनके द्वारा नामांकित पत्नी श्रीमती निशा गर्ग को सदस्या बनाकर किया गया।

(iii) सदस्य स्व0 श्री बी0के0 निम के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 340 फेज–2 के पट्टे (Lease) का हस्तांतरण उनके द्वारा नामांकित पुत्र श्री सौरभ निम को सदस्य बनाकर किया गया।

(iv) सदस्य स्व0 श्री जे0सी0 पन्त के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 159 फेज–1 के पट्टे (Lease) का हस्तांतरण उनके द्वारा नामांकित पत्नी श्रीमती (डॉ0) आभा पन्त को सदस्या बनाकर किया गया।

(v) सदस्य स्व0 श्री डी0एन0 लोहानी के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 276 फेज–1 के पट्टे (Lease) का हस्तांतरण उनके द्वारा नामांकित पत्नी श्रीमती सुधा लोहानी को सदस्या बनाकर किया गया।

(vi) सदस्य स्व0 श्री जी0पी0 झिल्डियाल के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 229 फेज–1 के पट्टे (Lease) का हस्तांतरण उनके दामाद श्री श्रीकान्त चन्दोला को सदस्य बनाकर किया गया।

(vii) सदस्या स्व0 कुमारी हरिबोधिनी उनियाल के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 94 फेज–1 के पट्टे (Lease) का हस्तांतरण उनके द्वारा नामांकित उनकी भाभी श्रीमती आरती उनियाल को सदस्या बनाकर किया गया।

## 2. समिति क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति :–

(i) समिति क्षेत्र के पार्क संख्या 03, 08, 09, 10, 11 एवं 13 में बने हरित कूडा गड्ढों/कम्पोस्ट गढ्ढों के चारों ओर फैंसिग का कार्य पूर्ण किया गया है।

(ii) समिति क्षेत्र के नौ गेटों (गेट क्रमांक 8, 9, 10, 13, 14, 15, 16, 17 एवं 18) पर सुरक्षा योजना के अन्तर्गत पूर्व में निर्मित दीवार की ऊँचाई बढ़ाने एवं मुख्य द्वार के बगल में नये लोहे के छोटे गेट को लगाने के कार्य प्रगति पर है।

(iii) समिति क्षेत्र में सात स्थानों (गेट क्रमांक 1, 2, वसन्त विहार क्लब के सामने, भवन सख्या 203ए, 280, 318 फेज–2 एवं भवन संख्या 282 फेज–1 के समीप) पर वर्षा जल संचयन कुओं के निर्माण का कार्य आदेश जारी किया गया है।

(iv) समिति क्षेत्र के भवन संख्या 261/2 एवं 262/2 के समीप एक–एक सोलर स्ट्रीट लाईट स्थापित की गयी हैं।

(v) समिति क्षेत्र के शॉपिंग कॉम्पलेक्स में सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु दो नये CCTV कैमरे एवं DVR को स्थापित किया गया है।

(vi) समिति क्षेत्र की सड़कों के लिए दो नये लोहे के रोड स्पीड बैरियर बनाने का कार्य पूर्ण किया गया है।

(vii) समिति क्षेत्र के भवन संख्या–347/2 के समीप वाटर पम्प हाउस की ओर जाने वाली सड़क पर सुरक्षा की दृष्टि से एक नये लोहे के गेट एवं दीवार का कार्य पूर्ण किया गया है।

(viii) समिति क्षेत्र के पार्क संख्या–13 के समीप एक नये शौचालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

(ix) समिति क्षेत्र के तीन स्थानों पर हाई मास्ट सोलर लाईट एवं 20 विभिन्न स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य प्रगति पर है।

3. **समिति क्षेत्र की सुरक्षा योजना का क्रियान्वयन** :-

(i) वर्तमान में सुरक्षा हेतु कुल 25 गार्ड तथा 02 सुपरवाईजर (रात्रि में एक सुपरवाईजर एवं 20 गार्ड तथा दिन में 1 सुपरवाईजर व 5 गार्ड) सुरक्षा कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में सभी उद्यान (Parks) सुबह 0500 बजे से 0900 बजे तक एवं सायं 1700 बजे से 2000 बजे तक सदस्यों के लिए खोले जाते हैं। सोसायटी के सभी वाह्य प्रवेश द्वारों को रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 5:00 बजे तक ताला लगाकर बन्द रखा जा रहा है। प्रवेश द्वार गेट क्रमांक 08, 09 एवं 10 प्रातः 7:00 बजे तक बन्द रखे जाते हैं।

(ii) यदि किसी सदस्य का पूर्ण परिवार अस्थाई रूप से कुछ अवधि के लिए देहरादून से बाहर जाये तथा उनके Out house में कोई सहायक न हो, तो कृपया इस बाबत् सूचना समिति कार्यालय को दें ताकि सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक उपाय/व्यवस्था की जा सके।

4. **सोसायटी रख रखाव शुल्क (SMC) का भुगतान** :-

(i) दिनांक 30.09.2025 तक 552 सदस्यों द्वारा वर्ष 2025-26 तक की वार्षिक SMC राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष सदस्यों से शीघ्र भुगतान के लिए निवेदन किया गया है।

(ii) **Online भुगतान** : स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अभी भी कई सदस्य Online भुगतान कर उसकी जानकारी/रसीद सोसायटी कार्यालय में नहीं दे रहे हैं। क्योंकि Bank इन भुगतानों के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी नहीं दे पाते अतः इन सदस्यों के SMC भुगतान लम्बित दर्शाये जा रहे हैं। सदस्यों से निवेदन है कि Online भुगतान करने पर भुगतान की रसीद सोसायटी कार्यालय में Accounts Clerk को देकर भुगतान प्राप्ति रसीद अवश्य प्राप्त करें।

5. **सदस्यों द्वारा नामांकन (NOMINATION)** :-

DVOCHSL की उपविधियों (Bye-Laws) की उपविधि-11 के अनुसार सदस्य द्वारा अपने भूखण्ड के सम्बन्ध में नामांकन करने का प्रावधान है। लीज के हस्तान्तरण की दृष्टि से यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है। स्मरण कराने के बावजूद अभी भी 100 सदस्यों द्वारा उपविधि क्रमांक 11 में दिये प्रावधान के अनुसार अपने प्लॉट के संबंध में नामांकन नहीं किया गया है। नामांकन के अभाव में लीज हस्तांतरण में बाधायें उत्पन्न होती हैं, तथा वैधानिक प्रक्रिया से सदस्यों को गुजरना पड़ सकता है। ऐसे सभी सदस्यों को विधिवत नामांकन फार्म भरने के लिए अलग-अलग पत्र लिखकर निवेदन किया गया है।

6. **सदस्यों की मृत्यु के उपरांत आवंटित भूखण्डों की लीज का हस्तान्तरण** :-

सदस्यों के अभिलेखों के परीक्षण उपरांत यह पाया गया है कि वर्तमान में 11 सदस्यों के निधन के उपरांत उनके भूखण्डों की लीज का हस्तांतरण आवेदन के अभाव में नहीं हो पाया है। ऐसे सभी सदस्यों के नांमित व्यक्ति/उत्तराधिकारीयों को अलग-अलग लेख कर त्वरित कार्यवाही हेतु लेख किया गया है।

7. <u>विगत समय में समिति के निम्न सदस्यों का दुःखद निधन हुआ है</u> :–

| क्रमांक | भूखण्ड / भवन संख्या | सदस्य का नाम | मृत्यु की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 237 / 1 | स्व0 श्रीमती भुवनेश्वरी डबराल | 07–07–2025 |
| 2. | 166 / 2 | स्व0 श्री भुवन चन्द्र | 16–07–2025 |
| 3. | 229 / 1 | स्व0 श्री जी0पी0 झिल्डियाल | 16–07–2025 |
| 4. | 049 / 2 | स्व0 श्रीमती राजेश्वरी शेखर | 03–10–2025 |
| 5. | 116 / 2 | स्व0 श्री अनिल डिमरी | 04–10–2025 |

वसन्त विहार समिति परिवार की ओर से हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह दिवंगत पुण्य आत्माओं को शान्ति प्रदान करें तथा उनके परिवारजनों को इस आघात को सहने की शक्ति दे।

8. <u>वसन्त विहार क्लब</u> : (i) वित्तीय वर्ष 2024–2025 में वसन्त विहार क्लब पर कुल 6,40,723/– रूपये अनुदान एवं अन्य व्यय के रूप में भारित किया गया। वित्तीय वर्ष 2025.26 में क्लब को अब तक तीन (03) लाख रूपये की अनुदान राशि का भुगतान किया गया है।

9. <u>भूखण्ड क्रमांक 182 / 1 की प्रीमियम राशि का भुगतान</u> :– भूखण्ड क्रमांक 182 फेज–1 की प्रीमियम राशि के निर्धारण हेतु नीलामी का आयोजन दिनांक 12.06.2025 को किया गया था। नीलाम में मेजर (डॉ0) रमेश शर्मा (से0नि0) द्वारा इस भूखण्ड के लिए रूपये 8,20,00,000/– (आठ करोड़ बीस लाख रूपये) की उच्चतम बोली दी गई। प्रबन्ध समिति द्वारा प्राप्त उच्चतम बोली को अनुमोदित कर स्वीकृति जारी की गई। स्वीकृति उपरान्त मेजर (डॉ0) रमेश शर्मा (से0नि0) द्वारा लीज की (प्रीमियम) राशि का पूर्ण भुगतान किया गया है।

10. <u>ब्रिगे. राजेश कक्कड़ (से0नि0) को DVOCHSL की सदस्यता समाप्त करने बाबत्</u> :– ब्रिगे. राजेश कक्कड़ (से0नि0) द्वारा उनको लीज पर आबंटित भूखण्ड संख्या–262 फेज–1 एवं उस पर निर्मित भवन को, समिति की उपविधियों (Bye-Laws) की उपविधि संख्या– 5, 54, 55(i), 84(i) एवं 8(i) के तहत दिए घोषणापत्र के प्रावधानों के उल्लंघन करने के लिए, प्रबंध समिति द्वारा उत्तराखण्ड सहकारी समिति नियम–2004 के तहत निर्णय लेते हुए ब्रिगे. राजेश कक्कड़ (से0नि0) को DVOCHSL की सदस्यता से हटाया गया है। प्रबन्ध समिति के निर्णय के विरूद्ध ब्रिगे0 राजेश कक्कड़ (से0नि0) द्वारा प्रबन्ध समिति के सभापति एवं 07 अन्य सदस्यों के विरूद्ध कोआपरेटिव ट्रिब्युनल में न्यायालयीन प्रकरण दायर किया गया है।

11. <u>DVOCHSL की वर्ष 2025–26 के वार्षिक सामान्य निकाय (AGM) की बैठक दिनांक 28 सितम्बर 2025</u> : समिति की वार्षिक सामान्य निकाय (AGM) की बैठक दिनांक 28 सितम्बर 2025 को सम्पन्न हुई। बैठक का कार्यवाही विवरण पत्र क्रमांक 3195/DVOCHSL/AGM/23 दिनांक 13.10.2025 द्वारा समस्त प्रतिनिधियों (Delegates) को WhatsApp से भेजी गई है। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये :–

(i) वित्तीय वर्ष 2024–25 की बैलेंस शीट (Balance Sheet) एवं ऑडिट रिपोर्ट को चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

(ii) वित्तीय वर्ष 2025–26 के पुनरीक्षित बजट तथा वर्ष 2026–27 के बजट प्रस्तावों पर चर्चा उपरान्त इन्हें सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

(iii) वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए 60/– रूपये प्रति सदस्य लाभांश घोषित किया गया जिसे SMC की देय राशि में समायोजित किया जायेगा।

12. <u>सदस्यों के दायित्व :</u> DVOCHSL एक प्रतिष्ठित सहकारी आवासीय सोसायटी है। सभी सदस्यों का दायित्व है कि वे समिति के विकास, सुरक्षा एवं इसे साफ–सुथरा करने में अपना सक्रिय योगदान दें। सभी सदस्यों से नम्र निवेदन है कि वे सोसायटी की उपविधियों के प्रावधानों एवं सोसायटी द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कडाई से पालन करें। सभी सदस्यों से पुनः निम्न निवेदन है कि :–

(i) भूखण्ड के बाहर की जमीन DVOCHSL की है। इस पर किसी भी प्रकार का पक्का निर्माण, बागवानी करना सब्जी आदि उगाना अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। कृपया सोसायटी के दिशा निर्देशों के अनुरूप ही गेट के सामने रेम्प का निर्माण करें। केवल पूर्व में निर्धारित सीमा तक ही केवल शोभादार/फूलदार पौधों को लगाया जा सकता है। कृपया इस सीमा का उपयोग सब्जी लगाने या फलदार वृक्ष लगाने के लिये नहीं करें।

(ii) <u>हरा कूडा (Green Waste)</u> :–

(अ) कृपया केवल डेढ़ मीटर लम्बाई तक की वृक्षों की टहनियाँ, बडे पौधों की कटिंग आदि ही Green waste के रूप में बाहर डालें। बडी टहनियों को डेढ़ मीटर के टुकडों में काट कर रखें। इससे Green waste का उठाव आसानी तथा ज्यादा तेजी से हो सकेगा। हरे कूड़े के साथ निर्माण/मरम्मत कार्य का मलवा एवं घरेलू कूड़ा नहीं डालें। सोसायटी द्वारा केवल हरा कूड़ा उठाया जाता है। अन्य कूड़ा सोसायटी द्वारा निर्धारित दरों पर ही उठाया जाता है।

(ब) हरे कूड़े का उठाव निम्नानुसार किया जाता है :–

| क्रम संख्या | क्षेत्र | हरे कचरे के उठान का नियत दिन |
|---|---|---|
| 1. | **फेज–1** (Phase-1) के समस्त क्षेत्र तथा **फेज–2** (Phase-2) के कांवली रोड पर स्थित **गेट नं0 11** एवं **गेट नं0 12** के अन्दर स्थित समस्त क्षेत्र, सेठी मार्केट से विवेक चौक तक का क्षेत्र। | प्रत्येक **मंगलवार** एवं **शुक्रवार** |
| 2. | **फेज–2** (Phase-2) का समस्त शेष क्षेत्र। | प्रत्येक **बुधवार** एवं **शनिवार** |

(स) हरा कूडा (Green waste) अपनी सामने की बाउण्ड्री वाल के चार फीट की सीमा के अन्दर रखें। हरा कूडा (Green waste) केवल निर्धारित दिवस को ही बाहर रखने के लिये अपने माली/सेवक को स्पष्ट निर्देश दें।

(द) पत्ते, घास, फूल आदि को अपने घर के अन्दर Compost pit में डालकर उनसे खाद बनायें।

(iii) घर का पानी सड़क पर न आने दें।

(iv) फुटपाथ पर वाहनों की पार्किंग प्रतिबन्धित है। रात्रि में अपने वाहन घर के अन्दर ही Park करें।

(v) कृपया रात्रि 10:00 बजे के बाद तेज संगीत या अन्य ध्वनि प्रदूषण से पड़ोसियों को परेशान न करें।

(vi) आपके घर में रह रहे किरायेदार एवं आउट हाउस में रह रहे व्यक्ति/परिवार के सदस्यों की पूर्ण जानकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रपत्र में अनिवार्य रूप से दें। किरायेदार एवं आउट हाउस में रह रहे परिवारों का पुलिस सत्यापन कराना कानूनन अनिवार्य है। कृपया पुलिस सत्यापन की जानकारी इस कार्यालय को दें। यह जानकारी सुरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

(vii) Bye-Laws के अनुरूप अपने प्लॉट/भवन में व्यवसायिक गतिविधि न चलायें।

(viii) घर का अन्य कूड़ा नगर निगम द्वारा कूड़ा उठाने के लिए घर के बाहर Box में ही रखें। सभी सदस्य अपनी दीवार से लगे स्थान पर घरेलू कूड़े के लिए लोहे का जालीनुमा Box लगायें ताकि बाहर गन्दगी न हो।

(ix) कृपया पालतू कुत्तों के लिये नगर निगम से विधिवत् लाइसेंस लें तथा इनका पूर्ण टीकाकरण Vaccination समय सें करायें, जिसका विवरण उसके Health Card में दर्शाया जाये। एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में, सोसायटी क्षेत्र को साफ रखने एवं अन्य सदस्यों की सुविधा की दृष्टि से कृपया अपने पालतू कुत्ते के मल को Poop Picker की मदद से उठा कर अपने घर में गड्ढा कर उसमें दबाने का कष्ट करें। आपका यह सहयोग समिति को साफ रखने में सहायक होगा।

(x) DVOCHSL क्षेत्र में भवन निर्माण कार्य करने के लिये समिति कार्यालय के पत्र सदर्भ 1164/DVOCHSL/61 दिनांक 09.01.2023 द्वारा जारी नियमों का कड़ाई से पालन किया जाये।

13. <u>समिति के विभिन्न कार्यों के लिए गठित उप–समितियों का पुनर्गठन</u> : विभिन्न विषयों पर विचार कर राय/अनुशंसा देने के लिए उपसमितियों का निम्नानुसार पुर्नगठन किया गया :–

(i) <u>Society land related affairs related to Membership, Nomination, Sale / Purchase / Transfer</u> :-

| | | |
|---|---|---|
| Dr. SC Deorani | – | Convener |
| Shri CS Joshi | – | Member |
| Dr. MN Jha | – | Member |
| Shri A.K. Girdhar | – | Member |
| Col D.K. Barthwal (Retd) | – | Ex-Officio Member |

(ii) Legal Affairs, Society Bye-Laws, Building Bye-Laws and All Court Cases :-

| | | |
|---|---|---|
| Shri AK Lal | – | Convener |
| Shri PK Sharma | – | Member |
| Shri AK Alipuria | – | Member |
| Col D.K. Barthwal (Retd) | – | Ex-Officio Member |

(iii) Issues related to SGRR Schools and Vasant Vihar Club Affairs :-

| | | |
|---|---|---|
| Shri Rajiv Dhar Jayal | – | Convener |
| Shri M.S. Garbyal | – | Member |
| Lt Col P.S. Bisht VSM, (Retd) | – | Member |
| Shri Dinesh Agarwal | – | Member |
| Col D.K. Barthwal (Retd) | – | Ex-Officio Member |

(iv) Planning and work execution of all civil works, Security and Protection of the Society :-

(a) Security related matters :-

| | | |
|---|---|---|
| Lt Col LK Purohit (Retd) | – | Convener |
| Cdr R.S. Juyal (Retd) | – | Member |
| Sqn Ldr A.S. Bains (Retd) | – | Member |
| Shri SM Barthwal | – | Member |
| Col D.K. Barthwal (Retd) | – | Ex-Officio Member |

(b) Planning and Execution of Civil Works :-

| | | |
|---|---|---|
| Lt Col L.K. Purohit (Retd) | – | Convener |
| Shri C.M. Pandey | – | Member |
| Shri A.S. Bisen | – | Member |
| Col D.K. Barthwal (Retd) | – | Ex-Officio Member |

(v) Sanitation, Environmental and Waste Management :-

| | | |
|---|---|---|
| Sqn Ldr A.S. Bains (Retd) | – | Convener |
| Dr. R.B.S. Rawat | – | Member |
| Shri Sushil Nautiyal | – | Member |
| Col AP Kumeri (Retd) | – | Member |
| Shri CS Joshi | – | Member |
| Shri Ajay Rautela | – | Member |
| Shri Aditya Kumar | – | Member |
| Col D.K. Barthwal (Retd) | – | Ex-Officio Member |

(vi) Shopping Complex (all related issues) :-

| | | |
|---|---|---|
| Shri M.S. Garbyal | – | Convener |
| Col R.K. Purohit (Retd) | – | Member |
| Col D.K. Barthwal (Retd) | – | Ex-Officio Member |

(vii) Society Parks, Budget and Finance :-

(a) Budget & Finance :-

| | | |
|---|---|---|
| Shri Dhirendra Sharma | – | Convener |
| Shri Atul Krishna | – | Member |

Col D.K. Barthwal (Retd) – Ex-Officio Member

(b) Society Parks :-

Shri Dhirendra Sharma – Convener
Shri Anoop Nautiyal – Member
Shri Dhananjai Mohan – Member
Shri P.K. Malik – Member
Col DK Barthwal (Retd) – Ex-Officio Member

(viii) Social Welfare Scheme and Coordination with Nagar Nigam, Jal Nigam, Electricity Board (UPCL) :-

Shri Sushil Nautiyal – Convener
Smt Sunita Agarwal – Member
Shri RBS Rawat – Member
Smt Mini Tripathi – Member
Capt MP Rawat (Retd) – Member
Shri Shashi Kapoor – Member
Col DK Barthwal (Retd) – Ex-Officio Member

(ix) Co-ordination and Liaison with the State Govt and all its subordinate- offices :-

Smt Neena Grewal – Convener
Col DK Barthwal (Retd) – Ex-Officio Member

14. सोसायटी को सुरक्षा सम्बन्धी एवं अन्य सूचनाओं हेतु निम्न दूरभाष नम्बर से सम्पर्क किया जा सकता है :–

| | |
|---|---|
| सोसायटी कार्यालय | 7668441801 |
| कंट्रोल रूम | 0135–3135023 |
| सुरक्षा सुपरवाईजर (रात्रि) श्री दीपक थापा | 9634643587 |
| सुरक्षा सुपरवाईजर (दिन) श्री बसन्त लाल | 8445185466 |
| समिति सुपरवाईजर श्री चन्द्रमणी पेटवाल | 9456794927 |

(कर्नल डी0के0 बडथ्वाल (से0नि0))
सचिव

18/10/25
(धीरेन्द्र शर्मा)
सभापति